# J.V. JAIN COLLEGE, SAHARANPUR

(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)

Estd. 1955

Ph. No. – 09456004915


पत्रांक :– का0अ0/आदेश/ 923 /2026–27

दिनांक :– 11.09.2026

ई–मेल /व्हाट्स–एप/स्पीड–पोस्ट द्वारा

## कार्यालय आदेश

महाविद्यालय का पूर्व छात्र मोहित शर्मा पुत्र श्री श्रीनिवास कपिल, ग्राम व पोस्ट – अहमदपुर, जिला – सहारनपुर पिछले कई वर्षों से महाविद्यालय की छवि धूमिल करने की दृष्टि से अनवरत् झूठी एवं आधारहीन शिकायतें उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। उक्त मोहित शर्मा कफ सिरप की तस्करी में लिप्त विभोर राणा, जिसके विरूद्ध गिरफ्तारी रहने के पश्चात् आज भी कार्यवाही प्रचलित है, के साथ भी सम्बद्ध रह चुका है तथा उसके सभी कृत्यों में उसका साथी रहा है। उक्त मोहित शर्मा महाविद्यालय प्रशासन के विरूद्ध अनर्गल शिकायतें, विश्वविद्यालय, राजभवन, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन को करते हुए उनको भ्रमित कर रहा है ताकि महाविद्यालय से वह अनुचित लाभ ले सके। इसके अतिरिक्त उक्त मोहित शर्मा ने समस्त तथ्यों को छिपाते हुए महाविद्यालय में एम0ए0 (इतिहास) में प्रवेश लिया था, जिसको दिनांक 26/11/2025 के आदेश द्वारा निरस्त किया जा चुका है। उक्त मोहित शर्मा केवल महाविद्यालय में अनुशासनहीनता फैलाने के दृष्टिगत प्रवेश लेता है तथा उसके द्वारा आज तक एलएल0बी0 कक्षा तक उत्तीर्ण नहीं हो पाई है। अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में यह आया है कि उक्त प्रवेश के निरस्त होने के पश्चात् भी वह महाविद्यालय में प्रवेश करता है तथा महाविद्यालय के कतिपय स्टॉफ के साथ मिलकर महाविद्यालय की झूठी शिकायतों की तैयारी करता है तथा शैक्षणिक वातावरण को दूषित करता है। नवीनतम घटनाक्रम में उक्त मोहित शर्मा ने कल दिनांक 10/09/2026 को सोशल मीडिया पर महाविद्यालय की छवि धूमिल करने के कृत्य भी कारित किये हैं।

उक्त के दृष्टिगत मोहित शर्मा का प्रवेश महाविद्यालय में तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित किया जाता है तथा उसका नाम कालीसूची में अंकित किया जाता है। उससे सम्बद्ध महाविद्यालय के स्टॉफ को निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय की छवि धूमिल करने वाले मोहित शर्मा के साथ यदि कोई संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

तद्नुसार सभी सम्बन्धित द्वारा आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जाये।

11/9/26

(प्रो0 वकुल बंसल)
प्राचार्य

Principal
J.V. Jain College
Saharanpur

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रति प्रेषित :–

1. मोहित शर्मा, पुत्र श्री श्रीनिवास कपिल, ग्राम व पोस्ट – अहमदपुर, जिला – सहारनपुर।
2. सचिव, प्रबन्ध समिति, जे0वी0 जैन कालिज, सहारनपुर।
3. मा0 राज्यपाल, राजभवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
5. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।
6. जिलाधिकारी, सहारनपुर।
7. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर।
8. प्रभारी निरीक्षक, थाना सदर बाजार, सहारनपुर।
9. प्रो0 संदीप गुप्ता, चीफ प्रोक्टर, जे0वी0 जैन कालिज, सहारनपुर।
10. प्रो0 मनु गुप्ता, परीक्षा प्रभारी, जे0वी0 जैन कालिज, सहारनपुर।
11. डॉ0 हरवीर सिंह चौधरी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, जे0वी0 जैन कालिज, सहारनपुर।
12. महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के ऑफिशियल व्हाट्स–एप ग्रुप पर।
13. श्री राजबीर सिंह, नैत्यिक लिपिक, डिस्पैच विभाग – व्हाट्स–एप एवं पोस्ट करने हेतु।
14. डॉ0 प्रदीप कुमार जैन, का0 कार्यालय अधीक्षक को समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने हेतु।
15. मिस प्राची जैन, स्टैनो, जे0वी0 जैन कालिज, सहारनपुर – ई–मेल प्रेषित करने एवं महाविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।